तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

11 प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा न्योता भोज



12 स्कूल को जल भराव से बचाने खोदी जाएगी नाली, सरपंच-सचिव हुए सहमत



## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पंप की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरदियाकला के एक किसान के खेत से सोलर पंप व अन्य सामान चोरी की घटना हुई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को अनूपराम ध्रुव पिता सुंदरसिंह ध्रुव (54 साल) ठाकुरदियाकला द्वारा ने बताया कि 8 अप्रैल को उसके खेत से अज्ञात चोर ने सौर उर्जा मोटर, कंट्रोलर, केबल, वायर कुल कीमत करीबन 25,000 रुपए की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बाइक गिरी, महिला की मौत, तीन घायल

**महासमुंद।** ग्राम खम्हारपाली बैरियर के पास ब्रेक के चिपक जाने से उसमें सवार चार लोग नीचे गिर गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। मामले की जांच सिंघोड़ा पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि राजकुमार पिता दयानिधि जाल (50) निवासी बागद्वारी ने सूचना दी कि उसकी भाभी जशोवंती जाल, भतीजा बिशीकेशन जाल, नतनीन अमृता जाल तथा गांव का अक्षय बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएम 0135 में सवार होकर सरायपाली से बागद्वारी जा रहे थे। इसी बीच खम्हारपाली बैरियर के पास बाइक का ब्रेक लगाने से उसका ब्रेक शू चिपक गया और उसमें सवार सभी व्यक्ति रोड पर गिर गये। घटना में जशोवंती के सिर में, अमृता के सिर में, बाइक चालक बिशीकेशन जाल के हाथ पैर, चेहरे और अक्षय के सिर, सीने, हाथ में चोट आई। जिन्हें इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद जशोवंती जाल को मृत होना बताया।

### 20वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप में जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन



**महासमुंद।** रायगढ़ जिले में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक 20वीं जूनियर सीनियर और 7वीं राज्य स्तरीय कैडेट ताइक्वांडो चैपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया है। जिसमें महासमुंद जिले से पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें महासमुंद शहर के चंद्रोदय पब्लिक स्कूल से तीन छात्र संग्राम सिंह ठाकुर, आदित्य राज, अपूर्व साहू व अन्य स्कूल से नीलम यादव व लक्ष्य कश्यप शामिल हैं। स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार चंद्राकर, अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, व्यायाम शिक्षक भीषम कुमार मांडले, दुर्गेश कन्नौजे, कोच भीषम कुमार मांडले ताइक्वांडो संघ के सचिव आनंद सिंघान एवं स्कूल परिवार ने चयन पर हर्ष जताया है।

### पुलिस को लगातार मिल रही चोरों की चुनौती

**महासमुंद।** जिले में चोरी की वारदातों में फिर से लगातार वृद्धि हो रही है। चोरियां रोकने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिले के महासमुंद, तेंदूकोना और बसना थाना अंतर्गत अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने मंदिर के सामने और घर की परछी से बाइक पार कर दी, वहीं किसान के खेत से सौर ऊर्जा का मोटर सहित अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने उक्त मामलों में धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली अंतर्गत वार्ड 18 कुर्मीपारा निवासी भुनेश्वर चंद्राकर ने पुलिस में शिकायत की है कि 28 जून को बाइक क्रमांक सीजी 06 के 1683 से बरोंडा चौक से हनुमान मंदिर के पास गया था, रात करीब 8.30 बजे बाइक को हनुमान मंदिर के पास खड़ी कर पान ठेला में गुटखा के लिए गया था।

# खाद्य विभाग की टीम पहुंची होटलों में, जांच से मचा हड़कंप, 3 में मिली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवां

मंत्री टंकराम वर्मा और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर वर्षा ऋतु के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सरसींवा के विभिन्न होटलों की जांच की। वर्षा ऋतु में दूषित जल से होने वाली संक्रमित बीमारियों को देखते हुए बुधवार को खाद्य औषधि प्रशासन विभाग ने एक्शन में आकर जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर सरसींवा के विभिन्न होटलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। कार्रवाई से होटलों में अफरा तफरी मच गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बारिश के मौसम में खाद्य प्रतिष्ठानों में होने वाली गंदगी के लिए छापामार कार्रवाई की, जिसके तहत टीम ने सरसींवा के अल्ली होटल, रामजी होटल, हितेश होटल, बालाजी होटल, मून नाइट होटल, पिज्जा हाउस एवं अन्य छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की, जिसमें अल्ली होटल में निरीक्षण करने पर किचन व स्टॉरेज रूम में बहुत अधिक गंदगी पाई गई। साथ ही पीने के पानी की व्यवस्था भी ठीक नहीं पाई गई। इस पर अधिकारी द्वारा होटल के संचालक को फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही फ्रिज में रखे बसी आटा वा अन्य खराब खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया गया। इसी तरह बालाजी होटल में निरीक्षण करने पर रसमलाई में गन्दगी पाए जाने पर लगभग दो किलो रसमलाई को नष्ट कराया गया।

## बालाजी होटल में दो किलो रसमलाई को किया नष्ट, दी चेतावनी



### होटल संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

रामजी होटल में भी खाद्य पदार्थों का उचित ढंग से रख रखाव नहीं पाया गया, जिस पर अधिकारी द्वारा होटल संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख रखाव, पीने के पानी का उचित पात्र में साफ स्वच्छ जल का भंडारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढककर रखने, खाद्य पदार्थों में खाद्य रंग का सीमित मात्रा में उपयोग करने, खाद्य पदार्थों को रखने में अखबारी पेपर का उपयोग नहीं करने, फ्रेश तेल में तीन बार से अधिक खाद्य पदार्थों को नहीं तलने, एक्सपायरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ सफाई रखने दिशा निर्देश दिए गए।


## पहल : केन्द्र सरकार ने 100 दिवस की कार्य योजना में किया शामिल

# रेल कनेक्टिविटी से जुड़ेगा बलौदाबाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार सहित जिला के चौतीस ग्रामों को रेलमार्ग से जोड़ने वाला प्रस्तावित खरसिया व्हाया बलौदाबाजार नवा रायपुर-दुर्ग 240 किमी नई रेलवे लाइन बिछाई जाने वाली योजना को केन्द्र सरकार द्वारा 100 दिन की कार्य योजना में शामिल किए जाने की खबर सुनकर जिलावासियों में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा दिल्ली प्रवास के दौरान रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर इस नई रेल परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने की मांग करते हुए बताया था कि बलौदाबाजार जिले में बड़ी संख्या में सीमेंट संयंत्र होने तथा कोयला, जिप्सम, चूना पत्थर, क्लिकर तथा सीमेंट ढुलाई के चलते सड़क मार्ग पर भारी दबाव है, जिससे सड़कों की हालत बार बार खराब होने व सड़क हादसों की संख्या बढ़ने से जनधन की हानि हो रही है। इस बारे में रेलमंत्री द्वारा श्री वर्मा को भरोसा दिलाया गया था कि इस रेल परियोजना को प्राथमिकता में शामिल किया जायेगा।

### रेलवे पटरी बिछाने जिले के 34 ग्रामों की भूमि होगी अधिग्रहित




### बलौदाबाजार जिले में पांच रेलवे स्टेशन बनाये जायेंगे

प्रस्तावित इस नई रेलपरियोजना में बलौदाबाजार जिला के ग्राम खरचा, बलौदाबाजार, रिसदा, चुचुरूगपुर तथा परसवानी में रेलवे स्टेशन बनाये जाने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे इस मार्ग पर यात्री रेल शुरु होने से अब तक रेलयात्रा की सुविधा से वंचित अनेक ग्रामवासियों को आवागमन में आसानी होगी। वहीं दूसरी ओर वहीं इस नई रेल परियोजना का निर्माण होने के बाद ग्राम सोनाडीह, रिसदा, रवान, कुकुरदी, खपराडीह, रावन, हिरमी में स्थापित सीमेंट संयंत्रों को माल ढुलाई की अधिक सुविधा मिलेगी।

### शीघ्र घोषणा के साथ कार्य प्रारंभ होगा : राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

बलौदाबाजार जिलावासियों की इस बहुप्रतिक्षित रेलयोजना के बारे में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से चर्चा करने पर बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा इसे 100 दिवस की कार्य योजना में शामिल किया गया है तथा उनके द्वारा रेलमंत्री सहित कई वरिष्ठ अन्य मंत्रियों से इस बारे में चर्चा कर शीघ्र कार्य शुरु करने की मांग की गई है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए आगामी एक माह के भीतर इस परियोजना के लिए प्रारंभिक तैयारी के रुप में भूमि अधिग्रहण की सूचना प्रकाशित होने के साथ जल्द कार्य पूर्ण होने की संभावना व्यक्त की गई है।



### वर्षों से यह रेल परियोजना चर्चा का विषय रही

पूर्व में छत्तीगसढ़ रेल कारपॉरेशन द्वारा वर्ष 2013–14 में इस रेल परियोजना को पब्लिक, प्राइवेट तथा रेलवे बोर्ड के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से इस रेल परियोजना का निर्माण कराया जाने की तैयारी शुरू करते हुए रेल लाइन बिछाने के लिए भूमि अधिग्रहण करने समाचार पत्रों में धारा 21 के तहत सूचना प्रकाशित कराई गई थी, लेकिन शायद आपसी तालमेल के अभाव के चलते इसे बाद में रद्द कर दिया गया। केन्द्रीय रेलवे बोर्ड द्वारा आर्थिक रूप से लाभकारी मानते हुए इस परियोजना को रेल मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त कर शुरू करने का निर्णय लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गई।

11 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 240 किमी लंबी इस रेललाइन का निर्माण होगा

प्रदेश के छह जिलों रायगढ़, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, बलौदाबाजार, रायपुर, दुर्ग तक बिछाई जाने वाली इस डबल लाइन वाली नई रेल परियोजना की अनुमानित लागत 11 हजार करोड़ से अधिक होने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस रेल लाइन बिछाने के लिए रायगढ़ जिला के 14 ग्राम, जांजगीर जिला के 53 ग्राम, बिलासपुर जिला के 7 ग्राम, बलौदाबाजार जिला के 34 ग्राम, रायपुर जिला के 26 ग्राम तथा दुर्ग जिला के 22 ग्राम में कुल 349 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जावेगा।

# सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वाले 9 युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

थाना प्रभारी ने सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 9 प्रकरण दर्ज किए। विदित हो कि भाटापारा पुलिस ऐसे तत्वों में लगातार कार्रवाई करते आ रही है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई धारा 36(c) आबकारी एक्ट के तहत की गई है। इसमें 24 वर्षीय लालू सोनकर उर्फ विकास पिता राजू निवास महावीर वार्ड, 21 वर्षीय गोपाल पिता मंगल ठाकुर निवास रामसागर वार्ड के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी तरह धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत सोमेश्वर कुमार धृतलहरे पिता राजकुमार 22 वर्ष ग्राम डिग्गी थाना भाटापारा ग्रामीण, पवन कुमार पाटले पिता अतिक राम 22 वर्ष ग्राम डिग्गी, कोमल नारंग पिता कृष्ण कुमार नारायण 24 वर्ष ग्राम डिग्गी, शशिकांत मिश्रा पिता राम अवतार 43 वर्ष निवास आनंद नगर उसलापुर जिला बिलासपुर हाल मुकाम भाटापारा, धर्मेंद्र देखलारे पिता गांवकरण 24 वर्ष निवास नांदघाट जिला बेमेतरा हाल भाटापारा, सोनसाय यादव पिता राम सिंह यादव 50 साकिन झल्पा थाना हिररी जिला बिलासपुर हाल मुकाम भाटापारा और प्रकाश श्रीवास पिता इंद्र कुमार 26 वर्ष निवास नांदघाट जिला बेमेतरा हाल मुकाम भाटापारा को गुरुवार को गिरफ़्तारी वारंटीओ व एक स्थाई वारंटी को भी विधिवत गिरफ्तार कर तामिली किया गया।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्दा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 4 जुलाई को गैंदलाल साहू पिता बैशाखूराम साहू (64 साल) निवासी ग्राम कोल्दा ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना मृतक के बेटे नेमीचंद साहू ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

# जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू



**भाटापारा।** बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत भाटापारा संभाग के वितरण केन्द्र भाटापारा जोन अंतर्गत आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य की शुरूआत विद्युत उपभोक्ता वन्दना वर्मा, वृन्दावन कालोनी के परिसर में स्थापित कर की गई। उक्त योजना में शहर के गणमान्य उपभोक्ताओं के साथ-साथ ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नई शिक्षा नीति पर कॉलेज में हुई कार्यशाला

**पलारी।** शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. राजू महोबिया सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र शासकीय डी.के. स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक आत्माराम वर्मा, तुलसी पैकरा, एलएन जलहरे, कोमल कुमार, बिरेंद्र खरे, ईशाज्ञा मेश्राम एवं कार्यालयीन स्टाफ इंद्रदत्त डहरिया, चंद्राराम घृतलहरे, दुजराम पटेल, डेविड सिंह डहरिया, ईशा पाठक, मनीराम ध्रुव, खेदारू राम पटेल, रूपलाल देवांगन, असमन बंजारे ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



# एक गांजा तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

थाना सरसीवां पुलिस ने गांजा परिवहन करने वाले आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से 7.50 किलो गांजा जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने बताया कि 4 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सरसींवा के प्रदीप मिरी एवं ग्राम झुमका हरून साहू दोनों अपने–अपने अलग-अलग मोटर सायकिल से ओडीसा गांजा लेने गये हैं, जो गांजा लेकर हरून साहू जामुनी रंग की जुपीटर स्कूटी सीजी 13 एजेड 1790 में सामने बैग में गांजा पैकेट भरकर बरमकेला, सारंगढ़ होते सरसींवा आने निकले हैं। सहयोगी प्रदीप मिरी अपने मोटर सायकिल एनएस में सवार, हरून साहू के आगे-आगे लोकेशन लेते सरसींवा ग्राम झुमका आ रहे कि सूचना पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। आरोपी हरून ▶▶ शेष पेज 11 पर



## बैठक में जल संसाधन मंत्री से मुलाकात करने संघर्ष समिति ने लिया निर्णय

# पेंड्रावान जलाशय बचाने किसान संघर्ष समिति का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बैठक बंगोली स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में पेंड्रावन जलाशय के कैचमेंट में पुनः अल्ट्राटेक कंपनी की खनन परियोजना को पुनः शुरू किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक में जानकारी देते हुए घनश्याम वर्मा और आलोक शुक्ला ने बताया कि कम्पनी के दवाब में छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग ने 3 जनवरी 2017 को खनन के पक्ष में एनओसी जारी की थी। व्यापक किसान आंदोलन के कारण 20 मार्च 2017 को विभाग द्वारा जारी की गई इस एनओसी को तत्कालीन जल संसाधन मंत्री ने निरस्त कर दी थी।



निरस्तीकरण के इस आदेश को खनन कम्पनी ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। न्यायालय ने 25 अप्रैल 2024 को विभाग के निरस्तीकरण के आदेश को खारिज करते हुए जल संसाधन विभाग से कहा है कि वह कंपनी को सुनवाई का अवसर देते हुए तीन महीने के अंदर पुनः निर्णय ले। बैठक में व्यापक विचार उपरांत सभी ने राज्य सरकार खनन के पक्ष में एनओसी जारी न करने की अपील की। बैठक में सामूहिक रूप से निर्णय लिए गए जिसमें आगामी 7 जुलाई को सभी प्रभावित गांवों के लोगों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक उपरांत संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल जल संसाधन मंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर जलाशय के संरक्षण की मांग करेगा। बैठक में पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, उद्धव राम वर्मा, देवव्रत नायक, आलोक शुक्ला खेमनाथ नायक, अनिल नायक, नरोत्तम शर्मा, विसहत कुर्रे, धर्मेंद्र बैरागी, अंकित वर्मा, राहुल, डॉ. ऋषिकांत चौधरी, दीनू अग्रवाल, घनश्याम वर्मा शामिल हुए।

### खड़ी ट्रक से भीड़ी बाइक, चालक की मौत, दूसरा गंभीर

**भाटापारा।** गुरुवार की रात एक सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार खोलवा रोड पर भाटापारा की ओर आ रहे बाइक सवार खड़ी ट्रक से जा भीड़ा। इस घटना में बाइक चालक को गंभीर चोट आई और वह खून से लथपथ हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा युवक घायल हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और दोनों को आडिल हास्पिटल लाया गया, वहां डाक्टरों द्वारा बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक किशोर देवांगन ग्राम लेवइ का निवासी था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### तीन प्राचार्यों को मिला इंस्पायरिंग एजूकेशन हीरो अवार्ड



**रायपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए शहर के तीन प्राचार्यों को पिछले दिनों एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क ने गीतम यूनिवर्सिटी विशाखापट्टनम में आयोजित देश के प्रतिष्ठित स्कूलों के प्राचार्यों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित किया। पुरस्कृत प्राचार्यों ने गुरुवार को राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से सौजन्य भेंट की तथा अपनी उपलब्धियों से उन्हें अवगत कराया और खुशियां साझा कीं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल की प्राचार्या सौम्या रघुवीर, स्कॉलर्स स्कूल की प्राचार्या नीता अवस्थी और वाइकन स्कूल की प्राचार्या रम्पी बरार ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एजूकेशन ग्लोबल नेटवर्क एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो शिक्षा के क्षेत्र में नए तकनीक का प्रयोग, सीखने-सिखाने के नए तरीकों के लिए तथा दुनियाभर में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों के लिए अनुसंधान कार्य करती है तथा सालभर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन तथा कार्यशाला आयोजित करती है।

### कौशल्या साय ने देखा मोर बाई हाई फाई का ट्रेलर, फिल्म को सराहा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बहुप्रतीक्षित फिल्म मोर बाई हाई फाई 26 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय ने फिल्म का ट्रेलर देखा और इसकी जमकर तारीफ की। मोर बाई हाई फाई फिल्म के निर्माता और नायक प्रकाश अवस्थी हैं, जबकि नायिका सृष्टि देवांगन हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश लहरी ने किया है। फिल्म में योगेश अग्रवाल, क्रांति दीक्षित, राजू पाण्डेय, दीपाली पांडेय, नैनी तिवारी, अनुपम वर्मा, प्रमिला रात्रे, देवेंद्र पांडेय, घनश्याम वर्मा, लता राही, वर्षा बर्मन, आनंद साहू, विजय मिश्रा, आयशा, लकी रघुवंशी समेत कई कलाकार भी हैं।

### चैंबर ने ई-वे बिल यथावत रखने लिखा पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चैंबर ने पत्र प्रेषित कर चीफ कमिश्नर सेंट्रल जीएसटी भोपाल सीपी गोयल को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने की मांग की है। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि संबंधित पत्र के माध्यम से ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी गई। इस संबंध में राज्य जीएसटी आयुक्त एवं सेंट्रल जीएसटी आयुक्त को भी अधिसूचना पर पुनः विचार करने पत्र भेजा गया है।

### प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ने में लगे हैं असामाजिक तत्व

**रायपुर।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा है, देश और छत्तीसगढ़ में सौहार्द्र का वातावरण है, जिसे कुछ असामाजिक और अपराधिक तत्व के लोग समाज को उकसाने का काम कर रहे हैं। भाजपा ने सभी लोगों के लिए वैक्सीन, पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड बनाया। मुफ्त चावल देने का काम किया। अब्दुल कलाम आजाद को राष्ट्रपति बनाया। जो लोग असुरक्षा का सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने खुद इनके साथ राजनीति करने के सिवाय कुछ नहीं किया है। श्री कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ में जो भी अपराधिक तत्व के हैं, वो किसी भी समाज के हों, वह कानून से ऊपर नहीं हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के बयान पर वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा, सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास को मानने वाला है, बाबा अहिंसा के पुजारी थे।

# डीसी सेंटर से समन्वय बगैर स्मार्ट मीटर लगाने से रीडिंग करने में आ रहा लोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम करने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी डीडी नगर सहित कुछ क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे हैं। इसको लगाने से पहले डीसी सेंटर से समन्वय न होने कारण अब रीडिंग को लेकर परेशानी हो रही है।

पुराने और नए मीटर के डाटा के कारण रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशान हैं। ऐसे में डीसी सेंटरों ने साफ कह दिया है कि जहां पर रीडिंग हो जा रही है, वहीं की जानकारी लेने के बाद ही वहां पर मीटर बदलने का काम करें। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो नए और पुराने मीटरों की रीडिंग में फंसकर उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। डीडी नगर में नए मीटर लगने के कारण एक तारीख से प्रारंभ होने वाली रीडिंग विलंब से प्रारंभ हुई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत प्रदेश में 54 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी ने लिया है। राजधानी रायपुर के साथ संभाग में ज्यादातर जिलों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। घरेलू के साथ गैर घरेलू उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं।

### ठेका लेने वाली कंपनी के कर्मचारी धड़ाधड़ कभी भी बदल रहे कहीं के भी मीटर




**अब रीडिंग होने के बाद बदलेंगे मीटर**

जिन क्षेत्रों में रीडिंग पूरी हो जाएगी, वहां से ही मीटर बदलने का काम करने के लिए टाटा कंपनी से कहा गया है, ताकि किसी भी तरह की परेशानी से बचा सके।

- **राजेंद्र प्रसाद,** सीई, स्मार्ट मीटर योजना

### डाटा को लेकर परेशानी

डीडी नगर में अब तक एक हजार से ज्यादा पुराने मीटर निकालकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जिन उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदले गए हैं, उनका पुराना डाटा डीसी सेंटर में मीटर लगाने वाली कंपनी ने समय पर उपलब्ध नहीं कराया है, इसकी वजह से एक तारीख को प्रारंभ होने वाली रीडिंग जहां प्रारंभ नहीं हो सकी है, वहीं इस बात को लेकर बड़ी परेशानी हो रही है कि पुराने मीटरों को माह के बीच में बदलने के कारण अब पुरानी और नई रीडिंग के बीच के तीस दिनों की गणना कैसे होगी। स्पॉट रीडिंग में पुराने रीडिंग और नई रीडिंग को देखकर एक माह का बिल बनता है। स्पॉट बिलिंग करने वाले रीडरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, दो रीडिंग ही स्पॉट बिलिंग की मशीन में दर्ज होती है, लेकिन स्मार्ट मीटर माह के बीच में लगने के बाद अब पुरानी रीडिंग, जब मीटर बदला गया उस समय की रीडिंग और नए मीटर की रीडिंग को मिलाकर तीन तरह की रीडिंग होने के कारण इसका स्टॉप बिलिंग की मशीन में दर्ज हो पाना ही संभव नहीं है। ऐसे में अब रीडिंग कैसे होगी इसको लेकर रीडर परेशानी में हैं। डीसी सेंटर के अधिकारी इसका हल निकालने के प्रयास में हैं। तीन रीडिंग के लिए मैनुअल तरीका अपनाना पड़ सकता है। पॉवर कंपनी के ही अधिकारी ही कह रहे हैं, अगर पुराने और नए मीटर के रीडिंग के बीच में किसी कारणवश गलत रीडिंग दर्ज हो गई तो इसका खामियाजा भी उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा।

# दस सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया चक्काजाम

**मांगों पर अड़े रहे कार्यकर्ता, आश्वासन के बाद माने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव में 10 सूत्री मांगों के लेकर शुक्रवार को नगर बंद व चक्का जाम किया गया। ज्ञात हो कि आज बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के नेतृत्व में नगर भटगांव के चांपा चौक पर सुबह से ही चक्का जाम प्रारंभ कर दिए, जिससे आवागमन बाधित रहा। साथ ही नगर के सभी दुकानें बंद रही। घंटों चक्काजाम करने के बाद बिलाईगढ़ के एसडीएम स्गनिंधा तिवारी प्रदर्शन कारियों से मिले। जिसमें कांग्रेसियों द्वारा अपनी 10 सूत्री मांगों को अधिकारी के पास रखी गई। इसमें 10 बिंदु में से दो बिंदु की मांग पर अड़े रहे, जिसमें व्यावसायिक परिसर का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय रखा गया है। उसे बदलकर पं. जवाहरलाल नेहरु रखने की मांग पुरजोर से करते रहे। साथ ही साथ व्यवसायिक परिसर की नीलामी निरस्त करने की भी मांग की गई। कांग्रेसियों द्वारा जिस 10 सूत्रीस की मांगों को लेकर नगर पंचायत भटगांव के परिषद में सत्ता में बैठे कांग्रेस के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और कांग्रेस शासनकाल में किए गए विकास कार्यों में जांच की मांग को समझ से परे बताया। जिस 10 बिंदुओं की जांच की मांग की गई। व्यवसायिक परिसर की नीलामी निरस्त कर फिर से नीलामी करना, बुकिंग कार्यालय को बिना शासन के आदेश व ईसतहआर का बिक्री करना, पुराने नगर पंचायत के अस्तित्व समाप्त कर पौनी पसारी के रास्ते में व्यवसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण करना, पुराना नगर पंचायत में पोस्ट आफिस होने एवं रास्ते ना होना, सांस्कृतिक भवन के सामने जमीन को व्यक्ति विशेष के पास बेचना, गौरव पथ के समीप व्यवसायिक परिसर निर्माण, कांजी हाउस को बिना निविदा व शासन के आदेश के बिना बेचना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने गार्डन का निर्माण, पशु चिकित्सालय के सामने गार्डन निर्माण, पीएम आवास में भारी पैसा का लेन–देन करना शामिल हैं। इन सभी बिंदुओं पर बिलाईगढ़ एसडीएम स्गनिंधा तिवारी से जांच की मांग की गई। उन्होंने पहला बिंदु पर 4 दिवस के भीतर जांच व बाकी बिंदुओं पर 10 दिवस के भीतर जांच करने के आश्वासन पर दोपहर 1 बजे से आंदोलन समाप्त कर दिया गया।



### नगर पंचायत भटगांव में कांग्रेस की सत्ता

नगर पंचायत भटगांव में कांग्रेस की सत्ता में काबिज अध्यक्ष, उपाध्यक्ष होने पर जिसका असर आंदोलन में देखने को मिला और विधायक कविता प्राण लहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या बहुत कम दिखी, जो चर्चा का विषय रही। कांग्रेसियों द्वारा भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की संरक्षण अफसरशाही हावी है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### कांग्रेस के कई चेहरे आंदोलन से नदारद

उल्लेखनीय है कि बिलाईगढ़ विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर नगर में चक्का जाम व नगर बंद किया गया, जिसमें कांग्रेस के कई चर्चित चेहरे नदारद रहे। प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार, बिलाईगढ़ ब्लाक अध्यक्ष, सरसींवा ब्लाक अध्यक्ष, बिलाईगढ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर सहित क्षेत्र के बहुत से कई कांग्रेसी नेता नजर नहीं आए।

# शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए हैं लाभदायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन के लिए किया गया प्रशिक्षित

शासकीय महाविद्यालय लवन में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया गया। शासन के प्रतिनिधि के रूप में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. राजू महोबिया, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदा बाजार इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक रहे।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024 –25 से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस हेतु समस्त शैक्षणिक स्टॉफ और कार्यालयीन कर्मचारियों को उच्च शिक्षा के संदर्भ में इस नीति के उद्देश्य और लक्ष्य से अवगत होना आवश्यक है। उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रणाली और मूल्य परख, बहुमुखी और नवाचारी शिक्षा को अंगीकृत करने वाली यह नीति विद्यार्थियों सहित समस्त हितधारकों के लिए श्रेयस्कर है।

प्रशिक्षण सत्र में भारत में शिक्षा नीति के इतिहास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार स्तम्भ, शिक्षा एवं तकनीक के समायोजन, अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम प्रारूप, कौशल सृजन, भारतीय ज्ञान परम्परा सहित मूल्य वर्धन पाठ्यक्रमों के विषय में जानकारी दी गई।महाविद्यालय के एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक वाय आर महिलाने द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में प्रकाश डाला गया।

### घटना की हो सीबीआई जांच, नहीं तो दिल्ली में प्रदर्शन

# भीम आर्मी प्रमुख ने कहा- निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा

- राज्यपाल से मिलकर बलौदाबाजार की घटना पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों पर जुल्म हो रहा है। इस जुल्म को हम लोग नहीं सहेंगे, इसलिए हम यहां आए हैं। कल सदन खत्म हुआ है और आज मैं छत्तीसगढ़ में हूं। छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के लोगों पर जुल्म किया जा रहा है। सतनामी समाज बहुत न्यायप्रिय और हिंसा में विश्वास नहीं करने वाला है। षड्यंत्र करके उनको टारगेट किया जा रहा है। मैं उसके खिलाफ हूं। राजधानी रायपुर पहुंचने के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मुलाकात की और बलौदाबाजार हिंसा मामले को संज्ञान में लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा, इस घटना के बाद जिलाधिकारी और एसपी हटाए गए हैं। यानी कि उन लोगों ने लापरवाही बरती थी। उनकी गलती नहीं होती, तो क्यों हटाते? उन्होंने गलती की, उनकी लापरवाही से इंटेलिजेंस फेल हुआ है। उनसे कोई बातचीत नहीं की गई, उसका परिणाम है। लंबे समय से सतनामी समाज की आस्थाओं से खिलवाड़ हो रहा है। एक महीने पहले से वह ज्ञापन दे रहे हैं। सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। हमारे आस्था का सम्मान नहीं हो रहा है। घटना की सीबीआई जांच होनी चाहिए। किसी जाति, किसी धर्म का हो उस पर कार्रवाई हो। निर्दोष लोगों को पीटा जा रहा है। सतनामी समाज और भीम आर्मी के जो नौजवान हैं, उनको पीटा जाएगा, तो यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### सही जांच न होने पर दिल्ली में करेंगे आवाज बुलंद

भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा, दिल्ली में हम आवाज उठाएंगे। हम छत्तीसगढ़ सदन और गृहमंत्री भवन का घेराव करेंगे। सरकार संज्ञान ले, जिनको बचाना चाहती है। उनको बचाने के बजाय इस बड़ी घटना के पीछे जो और बड़े घोटाले को दबाने का प्रयास सरकार कर रही है। वह नहीं होना चाहिए।

### सरकार अपने गिरेबान में झांके

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के क्रेडिट लेने राजनीति दल कर रहे बयानबाजी वाले बयान पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा, तो सरकार जुल्म करना बंद कर दे। सरकार अपने गिरेबान में झांककर देखे। घासीदास को मानने वाले पूरे देश में रहते हैं। सरकार का यह फेलियर है। सरकार आस्था का सम्मान करने में फेल हुई, लोगों को प्रोटेक्ट करने में फेल हुई। सरकार को जवाब देना होगा।

# 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देगा रेलवे ई-निविदा में व्यापारियों के बीच दिखेगी प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- आज जारी होगी ई–निविदा, 19 जुलाई को आबंटन की प्रक्रिया
- माल ढुलाई करने व्यापारियों को लीज पर मिलेगी पार्सल बोगी

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामान को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी व एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की पार्सल सेवा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए छोटे व बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ सुरक्षित पार्सल, माल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल से चलने वाली 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को लीज पर देने के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर ई-निविदा 5 जुलाई को जारी होगी। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जाएगी। इस ई-निविदा के लिए वेबसाइट पर सभी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर अर्थात डीएससी है ।

### नर्मदा समेत बीकानेर और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस की बोगी लीज पर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस, 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, 22407 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस एवं 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर दिए जाने ई-निविदा जारी की जा रही है। लीज होल्डर को गाड़ी के प्रारम्भिक स्टेशन के साथ-साथ यात्रा मार्ग के सभी पार्सल आधारित स्टेशनों में पार्सल लोडिंग व अनलोडिंग की सुविधा भी प्राप्त होती है।

### पार्सल आफिस में सामान की खुली नीलामी 10 को

पार्सल आफिस में रखे हुए असंबद्ध व गैरसुपुर्द उपयोगी सामान की खुली नीलामी समय-समय पर की जा रही है। इसी संदर्भ में सामान की अगली खुली नीलामी 10 जुलाई 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे से बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में किया जाएगा। नीलामी की जाने वाली सामानों में डीप फ्रीजर, ट्रालीबैग, पानी व कोल्डड्रिंक की बोतलें शामिल हैं । इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी में भाग लेने हेतु निश्चित परिचयपत्र (आईडी) के साथ 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से पहले बिलासपुर स्टेशन के पार्सल आफिस में उपस्थित हो सकते हैं।

### मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाने पर विचार

# कोरबा, रायगढ़ की कोल परियोजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में कोयला मंत्रालय भारत सरकार से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति के संबंध में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीना और मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन की मौजूदगी में मंत्रालय महानदी भवन में केन्द्र शासन और छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा और रायगढ़ जिले में संचालित कोल परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

कोल परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन सहित मुआवजा को लेकर कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टर और साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड के अधिकारी के बीच सकारात्मक विमर्श हुआ। बैठक में साउथ ईस्ट कोल फिल्ड लिमिटेड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उत्पादित कोल सहित विभिन्न परियोजनाओं के लिए कोल वितरण के संबंध में भी व्यापक चर्चा हुई।



### कोल उत्पादन लगातार होना जरूरी

कोयला मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अमृतलाल मीना ने अधिकारियों से कहा कि कोल खदानों में कोल उत्पादन लगातार होना बहुत जरूरी है। कोयले से देश की ऊर्जा सहित अन्य विकास परियोजनाएं निर्भर रहती है। कोल खनन के लिए वन, राजस्व और निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग जरूरी है। भूमि अधिग्रहण के लिए नियमानुसार मुआवजा प्रकरणों को शीघ्रता से निपटाया जाना चाहिए। इसी तरह से भूमि अधिग्रहण के लिए वन, आवास एवं पर्यावरण सहित अन्य आवश्यक क्लियरेंस के प्रकरणों के निराकरण के लिए कोल फिल्ड लिमिटेड वन, आवास एवं पर्यावरण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल कॉरिडोर के लिए भी भू-अर्जन के प्रकरणों को तत्परता से निराकरण के लिए भी आवश्यक कदम उठाएं।

### ये अफसर शामिल हुए वीसी में

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, ऊर्जा एवं खनिज विभाग तथा मुख्यमंत्री के सचिव पी.दयानंद, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल आर.संगीता सहित साउथ ईस्ट कोल फिल्ड्स लिमिटेड, छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल लिमिटेड, कलेक्टर कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा सहित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए।

# पेंड्रावान जलाशय बचाने किसान संघर्ष समिति की हुई बैठक

- विधानसभा अध्यक्ष और जल संसाधन मंत्री से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पेंड्रावन जलाशय के कैचमेट में पुनः खनन परियोजना की अनुमति नहीं मिले, इसे लेकर पेंड्रावन जलाशय बचाओ किसान संघर्ष समिति की बंगोली स्थित रेस्टहाउस में बैठक की गई। इसमें पेंड्रावन जलाशय को बचाने के लिए निर्णय लिया गया है कि समिति प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष और जल संसाधन मंत्री से मुलाकात करेगी और खनन की अनुमति कंपनी को नहीं दे, इसकी मांग की जाएगी।

समिति के पदाधिकारी घनश्याम वर्मा और आलोक शुक्ला ने बताया कि अल्ट्राटेक कम्पनी के दवाब में जल संसाधन विभाग ने 3 जनवरी 2017 को खनन के पक्ष में एनओसी जारी किया था। इसके विरोध में 20 मार्च को व्यापक किसान आंदोलन हुआ था, जिसके बाद तत्कालीन जल संसाधन मंत्री ने एनओसी को निरस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि निरस्तीकरण के इस आदेश को कम्पनी ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। इस पर न्यायालय ने 25 अप्रैल 2024 को विभाग के निरस्तीकरण के आदेश को खारिज करते हुए जल संसाधन विभाग से कहा था कि वह कंपनी को सुनवाई का अवसर देते हुए तीन महीने के अंदर पुनः निर्णय ले। समिति की बैठक में विचार-विमर्श के बाद तय किया गया कि खनन के पक्ष में राज्य सरकार एनओसी जारी न करे, इसकी मांग करेंगे। बैठक में पूर्व विधायक देवजी पटेल, उद्धव राम वर्मा, देवव्रत नायक, आलोक शुक्ला, खेमनाथ नायक, अनिल नायक, नरोत्तम शर्मा, विसहत कुर्रे, धर्मेंद्र बैरागी, अंकित वर्मा, डॉ ऋषि कांत चौधरी, दीनू अग्रवाल, घनश्याम वर्मा शामिल हुए।


## खबर संक्षेप

### नगर में सभी मूलभूत कार्य पूर्ण होंगे



**कसडोल।** नगर में मूलभूत समस्याओं को लेकर लग रहे आरोप पर नगर पंचायत कसडोल की अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मेरे 5 वर्ष के कार्यकाल में मुझे दो वर्ष कोरोना जैसी महामारी का सामना करना पड़ा। साथ ही एक वर्ष विपक्षी नेता द्वारा विकास कार्य को बाधा डालने का भरपूर प्रयास किया गया। साथ ही मुझे नगर वासियों की सेवा के लिए सिर्फ 2 वर्ष का ही समय मिल पाया है, जिसमें मैंने नगर विकास के लिए भरपुर प्रयास किया। साथ ही मूलभूत सुविधा की जरूरत थी, उसे पूरा करने का प्रयास किया और आज भी कार्य प्रगति पर है। मुझे उम्मीद है मेरे इस कार्यकाल के दौरान मेरे कार्यकाल दौरान ये सभी मुलभूत कार्यपूर्ण हो जाएंगे। अध्यक्ष नीलू ने कहा कि कसडोल नगर के वार्ड क्रमांक 5 में नाली, सड़क, बिजली की मांग वर्षों से रही है, जो आज सीसी सड़क कार्य लगभग पूर्ण हो गया है और कुछ कार्य वार्डों में बाकी है, जिसे समय अनुसार पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

### विरागसागर गुरुदेव की समाधि



**रायपुर।** पूज्य आचार्य श्री विरागसागरजी गुरुदेव की समाधि 4 जुलाई की रात 2.30 बजे हो गई। उनका अंतिम डोला सुबह ठीक 11 बजे महाराष्ट्र के अक्षय मंगल कार्यलय, देवमूर्ति ग्राम, सिंदखेड राजा रोड जालना से एक किमी दूरी पर पाटनी फार्म परिसर से निकाली गई। बड़ी संख्या में उनके रायपुर में भी अनुनायी हैं। रायपुर जैन समाज द्वारा सभी दिगंबर जैन मंदिरों में आचार्यश्री की सद्गति के लिए शांतिधारा पूजन एवं विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

### गांव में चल रही मीटिंग के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सेमलिया में मीटिंग के दौरान उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पहले पक्ष के प्रवीण बारिक पिता गिरेंद्र बारिक ने पुलिस को बताया कि 4 जून को ग्राम सेमलिया में पूर्व में हुये मोहन बढ़ाई की मृत्यु के संबंध में ग्रामीण बैठक हो रही थी। जिसमें मैं, मेरा भाई इलेंद्र बारिक और गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग में नवीन बढ़ाई एवं उसके परिवार के लोग भी आये हुये थे । मीटिंग के दौरान पंचों की बात न मानकर आरोपी नवीन बढ़ाई, किशोर बढ़ाई, सुमन बढ़ाई, नयन बढ़ाई, लोकेश बढ़ाई, गणेश बढ़ाई, फुलमती बढ़ाई एवं बेलमती बढ़ाई आवेश में आकर गाली गलौच करने लगे, जब मैने मना किया तो जान से मारने की धमकी देकर मेरे और मेरे भाई इलेंद्र बारिक को हाथ, मुक्का से मारपीट किए, जिससे मेरे माथे, होंठ एवं बायें कंधे तथा मेरे भाई इलेंद्र के नाक के ऊपर, बायें कंधे एवं छाती में चोट आई है।

## पेज 9 के शेष

### एक गांजा तस्कर ...

साहू और भुनेश्वर बंजारे के कब्जे से 7 पैकेट में 7.50 किलो गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 70 हजार आंकी गई है। दोनों आरोपियों को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में लिया। आरोपी प्रदीप मिरी पिता रंजीत मिरी ग्राम सरसींवा घटना स्थल से मोटर सायकिल सहित फरार है, जिसका पता तलाश जारी है

### जिले में स्मार्ट ...

विद्युत वितरण कम्पनी के जीपी अनंत अधीक्षण अभियंता, नंदकिशोर सोनी कार्यपालन अभियंता, हेमन्त कुमार ठाकुर कार्यपालन अभियंता, वासुदेव साहू सहायक अभियंता एवं टाटा पॉवर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

---

**प्रवेशोत्सव :** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत परोसा गया भोजन

# प्रधानपाठक ने कराया न्योता भोज, नौनिहाल उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल







केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य के सभी स्कूल अवधि में बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में 'न्योता भोज' के नाम से लागू किया गया है। न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों, अवसरों जैसे जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा आधारित है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा बैजनाथ के प्रधान पाठक चन्द्रकुमार साहू द्वारा अपने जन्मदिवस पर सभी बच्चों को खीर, पूरी, सब्जी, केला, मिठाई के साथ न्योता भोज कराया गया। इस दौरान स्कूल के नौनिहाल काफ़ी उत्साहित दिखें। न्योता भोज के दौरान सहायक शिक्षक दाताराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि उमेश खुटे, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष भगाऊराम कैवर्य सदस्य-धन्साय साहू, गोपाल रामसाई, सुन्दरलाल कैवर्त्य, सुखबाई यादव, ज्योति साहू, बिनोद बाई कैवार्य एवं साकबीर महिला स्वसहायता समूह सदस्यगण एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक जैतराम कैवार्य, राधेश्याम साहू, रामचरण पैकरा, टीकेश्वर शाहजीत, बुधराम घृतलहरे प्रधानपाठक, पुनीदास अजगले एवं युगल किशोर साहू मौजूद थे।

### प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा न्योता भोज



बंगोली। शासकीय प्राथमिक शाला बांगोली में शाला प्रवेश उत्सव पर नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तथा न्योता भोज का आयोजन किया गया। शिक्षक सविता चंद्राकर प्रधान द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुपम दीवान मिस्तु बीसी कंपनी यूएस के चेयरमेंन, विशिष्ट अथिति सोना वर्मा सदस्य जिला पंचायत रायपुर, धनेश निषाद जनपद सदस्य, डोमार सिंह धुरंधर सांसद प्रतिनिधि, सरपंच झुकराम बांधे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्गेश नायक, डोमन नायक विधायक प्रतिनिधि एवं मीना शर्मा, समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बंगोली, पंचायत सचिव राजिम ध्रुव, हायर सेकंडरी बंगोली के व्याख्याता टोप सिंग वर्मा, मिडिल स्कूल बंगोली से प्रधान अध्यापक जितेंद्र कुमार कोसरिया, शिक्षक मंजूसा वर्मा अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

### शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी पुस्तकें




**पवनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशिल्या बाई विश्वकर्मा सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुला, विशिष्ट अतिथि सहदेव साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य रामसहाय डडसेना ने किया। सरपंच के हाथों कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पाठयपुस्तकें वितरित की गई। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर धरमलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक, बाबूदयाल डडसेना सदस्य, भारत राम बंजारे, हरेंद्रकुमार शांडिल्य, श्यामलाल नवरत्न, अमरज्योति डहरिया, मदनलाल तोमर, लीलेश कुमार राजेश, हर्षवर्धन रत्नेश, महेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सुनीता चतुर्वेदी, सुरेश कुमार रात्रे, सोहन लाल डडसेना, शिवकुमारी महिलांगे, कुसुमलता ठाकुर उपस्थित थे।

### दतान में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान (खैरा), लवन में शिक्षा सत्र 2024–25 में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख सरपंच फुलेश्वरी अजय यदु, सरपंच प्रतिनिधि अजय यदु, पंच कौशल धृतलहरे, संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक, संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा 9वीं के छात्र एवं छात्राओं को तिलक एंव मुंह मिठाकर छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही किताब भी वितरण की गई।

---

## योगेश को मिली पीएचडी उपाधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

मैट्स विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग के अंतर्गत पीएचडी शोधार्थी योगेश कुमार पिता माधो साहू को सोमवार को योग विषय के अंतर्गत पीएच.डी.(डॉक्टर आफ फिलासफी) की उपाधि प्राप्त किया। जिनका शोध का शीर्षक योग तत्त्व उपनिषद एवं पातंजल योग सूत्र में कैवल्य विचार रहा। योगेश कुमार ने अपना शोध कार्य डॉ. सुनील कुमार मिश्र के निर्देशन में पूरा किया। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक के रूप में प्रोफेसर राजीव चौधरी उपस्थित रहे। योगेश कुमार विगत 6 वर्षों से लगातार मैट्स विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक योग के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए

योग शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महासचिव खोमेश साहू, केंद्रीय मीडिया प्रभारी दीपक कुमार वर्मा, डॉ. नवीन पटेल व योग शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व मैट्स परिवार की ओर से प्रसन्नता की गई है।

## कांग्रेस का बिजली कटौती के खिलाफ प्रदर्शन 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेसजनों ने कहा की राज्य की भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आमजन व किसान परेशान है, जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में किसानों की समस्या डीएपी खाद की कमी को लेकर भी चर्चा की गई। पीएचई विभाग द्वारा अधूरे पाइप लाइन के कारण गली गली में गड्ढे हो गए। इस कारण मच्छर पनपने से क्षेत्र में डायरिया का कहर जारी है, जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कांग्रेसनों ने जल्द ही शासन से मांग की है कि अधूरे कामों को पूर्ण करें तथा संगठन की मजबूती और आगामी नगर पंचायत चुनाव के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, ब्लॉक ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, तरुण चंद्राकर, गुलाब यदु, मेघनाथ यादव, रसूल बेग, शशिकांत वर्मा, नंदेश साहू, प्रीतम साहू, श्याम लाल पटेल, सुमित निराला, मुरली साहू, कमलनारायण सोनी, डोमार साहू, ओमप्रकाश बंजारे, हरी कोशले, रामस्वरूप वर्मा, तोमन चंद्राकर, मनोज बंजारे, घनश्याम वर्मा, रुपदेव कश्यप, तुलेश साहू, रवि बंजारे, प्रेम साहू, हेमू साहू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

■ ब्लाक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में निर्णय

## मां के नाम लगाये फलदार और छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



सामूहिक रूप से पौधारोपण कर एक उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा सहित हरिशंकर चौहान, अनिकेत साहू शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन के बात कार्यक्रम में देशवासियों को एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने का आव्हान किया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर धर्मेश साहू, पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर वर्षा बसंल ने ग्राम पंचायत कोतरी के शासकीय भूमि में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया। कलेक्टर ने पौधारोपण के पूर्व मनरेगा के तहत किए गए कार्य तथा वहां स्थित भवन का मुआयना किया।

इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक श्यामसुंदर रात्रे, सीईओ सारंगढ़ जनपद संजू पटेल सहित बिहान स्वसहायता समूह की एवं अन्य जागरूक महिलाएं, जनपद के अधिकारियों–कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामूहिक पौधारोपण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर ये यह पौधारोपण कार्यक्रम मनरेगा के तहत किया गया।

## आयुर्वेद औषधालय परिसर में पौधारोपण हुआ



**कसडोल।** स्थानीय शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय परिसर में पौधा रोपण किया गया। कसडोल के प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार से मिली जानकारी के अनुसार उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शुक्रवार को यहां के आयुर्वेद औषधालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे गए। साथ ही कुछ लोगों को पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. योगेंद्र कुमार के अलावा स्टाफ के फार्मासिस्ट सरिता साहू, औषधालय सेवक राम खांडेकर, राज बहादुर पवार तथा वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान के सदस्य मनोज विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## मंहगी बिजली और कटौती के विरोध में 8 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** बिजली दामों मे बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के विरोध में 8 जुलाई को कांग्रेस का एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन सभी जिला ब्लॉक मुख्यालय में होगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सभी जिला एवं ब्लॉक अध्यक्षों को पत्र जारी कर विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने कहा है। प्रदर्शन में सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

## छात्रों ने जाने अग्निवीर योजना के नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिंदी माध्यम विद्यालय, लाहोद, बलौदाबाजार में छात्रों को भारतीय वायु सेना में भर्ती के लिए अग्निवीर योजना का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य कौशिक मुनि त्रिपाठी ने विद्यालय के समन्वयक और शिक्षकों की समर्पित टीम के साथ मिलकर सूचनात्मक सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें छात्रों से अपने देश की सेवा करने के इस रोमांचक अवसर को अपनाने का आग्रह किया गया। प्रस्तुति, आकर्षक पावरपॉइंट स्लाइडों के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिसमें अग्निवीर योजना के प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला गया, इसमें चार वर्षीय सेवा कार्यक्रम में प्रवेश स्तर के कर्मियों के लिए चार साल का कार्यकाल शुरू किया गया है, जो वायु सेना के भीतर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और मूल्यवान कौशल विकसित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। कौशल विकास पर ध्यान दें। पाठ्यक्रम व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी और नेतृत्व क्षमताओं को निखारने पर जोर देता है, जिनकी विभिन्न उद्योगों में अत्यधिक मांग है। सेवा–पश्चात लाभ यह योजना आकर्षक सेवा–पश्चात लाभ सुनिश्चित करती है, जिसमें वित्तीय पैकेज और विभिन्न सरकारी पदों के लिए बाद की भर्ती में प्राथमिकता शामिल हैं। प्रधानाचार्य कौशिक मुनि त्रिपाठी द्वारा राष्ट्र की सेवा करने के देशभक्तिपूर्ण कर्तव्य और युवा व्यक्तियों को सशक्त बनाने की योजना की क्षमता पर जोर दिए जाने पर सभा में उत्साह की लहर दौड़ गई। समन्वयक निधि पांडे जो अपने मार्गदर्शन और समर्थन के लिए जानी जाती हैं, ने चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

---

**सभी पुलिस इकाइयों को निर्देशित किया गया**

# गुंडे-बदमाशों का लिया जायेगा फिंगरप्रिंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एनसीआरबी एवं पुलिस मुख्यालय छ.ग. रायपुर के अनुसार समस्त धाराओं में दर्ज अपराधों में गिरफ्तार संदेही, निगरानी गुंडा, बदमाशों, अज्ञात मृतकों की नियमानुसार फिंगर प्रिंट स्लिप्स तैयार कर जिला मुख्यालय में ही नेफिस सिस्टम की मदद से व्यक्ति के सीधे ऑनलाइन प्रिंट तैयार कर सर्च हेतु सबमिट करने हेतु समस्त पुलिस इकाइयों को निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में समस्त थाना एवं चौकी में फिंगरप्रिंट कार्य में दक्ष पुलिस कर्मचारियों का बैठक ली गई।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि थाना-चौकी में दर्ज किसी भी मामले में व्यक्ति का फिंगरप्रिंट लेना सबसे महत्वपूर्ण कार्य होता है। फिंगरप्रिंट की उपलब्धता से आरोपी की पहचान करने एवं उसे पकड़ने में आसानी होती है। साथ ही आरोपी को सजा दिलाने में भी फिंगरप्रिंट एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके साथ ही अज्ञात मृतकों की पताशाजी एवं पहचान कार्यवाही में भी फिंगरप्रिंट का अपना एक अलग ही महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए फिंगरप्रिंट संबंधित समस्त कार्य को अत्यंत गंभीरता एवं तन्मयता पूर्वक आप सभी को संपादित करना है। किसी भी आरोपी का फिंगरप्रिंट उपलब्ध होने से, उसे देश के किसी भी राज्य में स्थित थानाध्चौकी में उपलब्ध फिंगरप्रिंट से मिलान कर संबंधित आरोपी की पहचान की जा सकती है। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा फिंगरप्रिंट सर्च स्लिप्स तैयार करने में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आरक्षक कमलेश मरावी को उसकी सेवा पुस्तिका में 200 रु नगद ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया। आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो जिला बलौदाबाजार–भाटापारा में गिरफ्तार आरोपियों का फिंगरप्रिंट सर्च स्लिप तैयार कर, नेफिस अपलोड की जानकारी निम्न अनुसार है– जिसमें गिरफ्तार आरोपियों में 2022 में 782, वर्ष 2023 में 3502 एवं वर्ष 2024 में अब तक 2907 गिरफ्तार आरोपियों का फिंगर प्रिंट लेकर सर्च स्लिप्स अपलोड किया जा चुका है। इस दौरान बैठक में राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक, प्रधान आरक्षक तुलेश चंद्रवंशी प्रभारी डीसीआरबी सहित जिले के समस्त थाना-चौकी में पदस्थ फिंगरप्रिंट कार्य करने वाले 40 पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

■ ऑनलाइन सम्मिट होगा

## महादेव सट्टा एप से जुड़े पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट ने महादेव सट्टा एप पैनल से सट्टा संचालन करने के आरोप में पांच आरोपियों को महाराष्ट्र, पुणे से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 47 मोबाइल के साथ 56 एटीएम तथा अलग-अलग बैंको की 50 पासबुक जब्त की है।

पुलिस अफसर अकाउंट में जमा रकम होल्ड कराने बैंकों को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सट्टा संचालित करने के आरोप में महाराष्ट्र, नागपुर निवासी अतुल भगवान पराते, भिलाई निवासी विक्रांत रंगारे, अंशुल रेड्डी, देवेन्द्र कुमार विशाल उर्फ टिंकू तथा कुशल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अफसर के मुताबिक दशरथ निषाद ने मौदहापारा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके परिचित बढ़ईपारा निवासी मोहित विश्वकर्मा ने उसे झांसे में लेकर बैंक में अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मोहित, दशरथ के बैंक पासबुक, एटीएम अपने कब्जे में लेकर उसका इस्तेमाल करने महादेव सट्टा संचालित करने वालों को दे दिया। दशरथ की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल कर आरोपियों तक पहुंची।

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**

**//ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ....ब/121
ग्राम तुलसी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मंगलीन पिता श्री हीरासिंग ग्राम तुलसी तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता हीरासिंग के जन्म/मृत्यु दिनांक 22/10/2020 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा /आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18/07/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग

# नगर में धूमधाम से मना निश्चलानंद सरस्वती महाराज का प्राकट्य महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री गोवर्धन मठपुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज का 82वां प्राकट्य महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आज मारवाड़ी कुमार शिव मंदिर के प्रांगण में पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के तत्वावधान में सनातन धर्म प्रेमी भक्तों की ओर से दिव्य रुद्राभिषेक पूजन, आराधना सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संकीर्तन महा आरती के साथ प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आचार्य पं. झम्मन शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शास्त्रीजी ने शंकराचार्य के जीवन दर्शन पर व्याख्यान में बताया कि भारतवर्ष धन्य है, जहां आदि शंकराचार्य भगवान साक्षात प्रकट होकर आज से 2500 वर्ष पूर्व शंकराचार्य परंपरा को देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रवाहित किया।

इस अवसर पर मोहन केसरवानी, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, वीरेंद्र शर्मा, प्रेमचंद भूषणिया, नरेश शर्मा, महेश गुप्ता, गौरव बावला, दीपक राय, सुनील तिवारी, हरिहर शर्मा, रवि गुप्ता, पं. अविनाश पांडे तथा मातृशक्ति में सुशीला वर्मा, संगीता चौरसिया, कौशल्या वर्मा, निर्मला वर्मा, गोपेश्वरी यादव, मीना वर्मा, चेतना साहू, देवकी वर्मा, अल्का यादव, गौरी सोनी, आशा शर्मा, रानी शर्मा, लता शर्मा, रेनू त्रिवेदी, सरिता शर्मा आदि अनेक भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आयोजन में रुद्राभिषेक पूजन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन संकीर्तन और महा आरती हुई



### प्रत्येक हिंदू परिवार से एक घंटा एवं एक रुपए निकाले

इस परंपरा में गोवर्धन पीठपुरी के 145वें शंकराचार्य है। गुरुदेव भगवान इस पीठ में सन 1992 से अभिषिक्त हैं। विगत 34 वर्षों में आपके द्वारा सनातन धर्म संस्कृति तथा देश की एकता, सुरक्षा एवं अखंडता के लिए सनातन मान बिंदुओं की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, वह इतिहास में नित्य स्मरणीय रहेगा। उन्होंने अपने संदेशों के माध्यम से हिंदुओं को संगठित होकर धर्म एवं राष्ट्र सुरक्षा के लिए समाज को सुसंस्कृत सुबुद्ध एवं स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया। वहीं मादक द्रव्यों के सेवन और दुर्व्यसन मुक्त जीवन यापन के लिए देश में सेवा सत्संग संकीर्तन सद्भावपूर्ण संवाद के साथ संघ बल तथा शास्त्रों के प्रति आस्था को बढ़ाने, पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी राष्ट्र उत्कर्ष अभियान आदि संगठनों द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाने की प्रेरणा प्रदान की है। इसी क्रम में अपने मठ मंदिरों को शिक्षा रक्षा सेवा अर्थ एवं धर्म और मोक्ष के केंद्र बनाकर प्रत्येक हिंदू परिवार से एक घंटा एवं एक रुपए निकाले, जिसका सदुपयोग इस क्षेत्र को सुबोध एवं स्वावलंबी बनाने के लिए हो। अपने-अपने वर्णाश्रम धाम का जीवन में पालन करें जिससे जीवन में आत्म शांति एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### कंपनी का दावा, ईडीटीए ट्यूब की कीमत 25-30 रुपए, सप्लाई नियमानुसार

**रायपुर।** सीजीएमएससी को सप्लाई की गई दवाइयों की कीमत और मात्रा को लेकर लगे आरोपों के बीच संबंधित कंपनी मोक्षित कार्पोरेशन ने दावा किया है कि उसने सही और निर्धारित दाम पर ही सामग्री की सप्लाई की है। कारपोरेशन का कहना है कि सीजीएमएससी की वेबसाइट में सप्लाई की गई सामग्री ईडीटीए ट्यूब का विवरण प्रति पैकेट के आधार पर लिखा गया है, इसलिए कीमत 2300 से 3000 दर्ज है, जबकि एक पैकेट में 100 नग होते हैं, इस लिहाज से उसकी कीमत 25 से 30 रुपए ही होती है। कंपनी ने कागजों में सप्लाई की बात को यह कहकर गलत ठहराया है कि शासन के जिम्मेदार अफसरों के भौतिक सत्यापन के बाद ही सामग्री की सप्लाई की गई है। कंपनी प्रबंधन ने यह भी कहा कि उनका पूरा काम पारदर्शी तरीके से होता है। प्रतिस्पर्धी एक-दूसरे के दस्तावेज देख सकते हैं।

### जियो और अन्य सिम के रीचार्ज में वृद्धि से भाजपा का असली चरित्र उजागर

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, केन्द्र में सरकार बनते ही पिछले 10 साल तक जिस प्रकार महंगाई बढ़ाने का काम भाजपा की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया, उसी कार्य को पुनः लगता है जारी रखेंगे, क्योंकि आज गरीब एवं मध्य वर्ग परिवार के लगभग हर सदस्य के पास मोबाइल होता है और उसी मोबाईल से उनको जीवन-यापन करने में सहायता मिलती है। जियो और अन्य कंपनी के सिम के रीचार्जों में वृद्धि कर भाजपा का असली चरित्र उजागर हो गया है।

### महासमुंद सांसद के जन्मदिन पर रक्तदान

**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के जन्मदिन पर भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू एवं महासमुंद भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पूनम निषाद एवं कार्यकर्ताओं ने महासमुंद जिला अस्पताल में जाकर रक्तदान किया। इस अवसर पर ज्वाला मारकंडे, कोमल निषाद, अविनाश तिवारी, जनक चंद्राकर, युगल किशोर साहू, जगदीश कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुखर्जी की जयंती आज

**महासमुंद।** भारत देश के भारतीय जनसंघ के संस्थापक और देश के एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी एवं लोगों द्वारा मनाई जाती है।

## निर्णय : प्रधानपाठक ने जनप्रतिनिधियों की बुलायी बैठक

# स्कूल को जल भराव से बचाने खोदी जाएगी नाली, सरपंच-सचिव हुए सहमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



ग्राम अहिल्दा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बरसात में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। यह समस्या विगत 10 वर्षों से बनी हुई है, परंतु शासन प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लेने के कारण शाला परिसर में पानी भर जाता है, जिससे शाला संचालन में परेशानी होती है।

बच्चों में सांप, बिच्छू, विद्युत करंट आदि का भय बना रहता है। इसी समस्या के निराकरण के लिए प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा ने एक आवश्यक बैठक रखी। इस बैठक में ग्राम के सरपंच झब्बू लाल साहू, सचिव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डागेश्वर मानिकपुरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रवि घृतलहरे सदस्य, घुरऊराम वर्मा, कमलेश साहू, पंच रामकुमार गोलू, फेकूराम साहू, अहिल्दा संकुल के समन्वयक सुशील सोनवानी एवं ग्रामीणों की बैठक हुई। ग्रामीणों के समक्ष प्रधान पाठक ने पानी निकासी के संबंध में चर्चा की। सचिव एवं सरपंच ने तीन दिनों के अंदर नाली खुदवा कर पानी निकासी की व्यवस्था करने आश्वासन दिया। आने वाले समय में पक्की नाली के निर्माण के संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने शासन से चर्चा कर हल निकालने की बात कही। प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा ने सभी उपस्थितजनों को स्थल निरीक्षण कराकर शीघ्र से शीघ्र समस्या निदान की मांग की।

# नगर में शुरू हुआ सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' कार्यक्रम की शुरुआत की गई । यह कार्यक्रम 31 अगस्त तक मनाया जाना है। इसके अंतर्गत अनेक गतिविधियां नगर पंचायत में की जाएंगी। जैसे– श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता अभियान, रंगोली, चित्रकला, स्लोगन, निबंध लेखन प्रतियोगिता आदि। कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रगति नगर, भटगांव में नगर पंचायत भटगांव अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में हरा ध्वजा रोहन कर की गई। साथ ही उनके द्वारा बच्चों को बीमारियों से बचने उपाय एवं अपने आसपास को साफ सुथरा रखने जागरूक किया गया। इसके उपरान्त शिक्षकों द्वारा भी विद्यार्थियों को साफ-सफाई के महत्व एवं अनेक बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ लेकर सभी ने अपने आसपास को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा नर्मदा कौशिक, जन प्रतिनिधि अमित कौशिक, जिला समन्वयक शुभम् नायक, सफाई दरोगा सत्येन्द्र सिंह बिसेन एवं शिक्षक डी. राजेत्री एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# निजी चिकित्सक छात्रावास-आश्रमों में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

■ स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना के तहत निजी डॉक्टरों से मंगाये गए आवेदन

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में संचालित छात्रवास आश्रमों में वर्ष 2024–25 में प्रवेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना 2007 अंतर्गत जिले के निजी प्रैक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं के लिए 10 जुलाई तक पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। निजी प्रैक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रवास आश्रमों के छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रवास आश्रम के छात्र–छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण के लिए 1200 रुपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रवास आश्रमों के छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रवास आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे।

निजी चिकित्सक अपने लेटर पैड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज, संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्थाई या अस्थाई मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में 10 जुलाई तक कार्यालय समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किए जाएंगे। नये अभ्यर्थी उपरोक्त समस्त दस्तावेज प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकेंगे।

# जगह-जगह पर जानलेवा गड्ढे, रोज हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ लोनिवि की अनदेखी से राहगीर हो रहे परेशान

गिधौरी-शिवरीनारायण धार्मिक नगरी पहुंच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। यही नहीं इस आशय की खबर प्रकाशित होने के बाद आनन फानन में मलहम पट्टी लगा दी जाती है, लेकिन वह मलहम पट्टी चार दिन बाद उखड़कर जानलेवा गड्ढे में तब्दील हो रही है, जो औपचारिक मरहमपट्टी की पोल खोल देती है। वर्तमान में गिधौरी–शिवरीनारायण मार्ग सड़क के बीच में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे से रोज हो रहे सड़क हादसे का प्रमुख कारन बना है। गिधौरी – शिवरीनारायण मार्ग की सड़क बुरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग में चंद कदमों के भीतर दर्जनों बड़े-





बड़े गड्ढे गंभीर हादसों का कारण बन रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदारों को इसमें कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। पिछले दिनों समाचार में प्रकाशित खबर के बाद आनन फानन में जगह- जगह गड्ढे पर मलहम कर चुरा पत्थर डाला गया था, परंतु दो दिनों की बारिश और बड़े वाहनों के आवाजाही के चलते जानलेवा गड्ढे फिर से सामने आ गए। इस गड्ढे के चपेट में आकर रोजाना राहगीर चोटिल हो रहे हैं। इस मार्ग पर 24 घंटे आवाजाही लगी रहती है। गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग बस स्टैंड के आगे वनोपज जांच नाका एवं गेट के पास बड़ा गड्ढा हो गया है। जगह-जगह पानी लबालब भरा हुआ है, जिससे आने जाने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और पैदल चलने वाले छीटाकशी से परेशान रहते है।

# साहू समाज की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवां के तत्वावधान में शुक्रवार को तहसील अध्यक्ष चूड़ामणि साहू के मार्गदर्शन में धरसीवां से लगे ग्राम तिवरैया साहू भवन में बैठक हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई को रखा गया है। उसके संदर्भ में विस्तारपूर्वक चर्चा हु। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के तहसील अध्यक्ष अनिल साहू ने सामाजिकजनों को संबोधित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक कर पेड़–पौधों की संख्या को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने समाज के युवाओं को इस अभियान को पूरे धरसीवां तहसील के अंतर्गत गांव स्तर पर चलने का आवाह किया। तहसील युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष कमल साहू एवं संगठन सचिव चंद्रकांत साहू ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर तहसील युवा अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष कमल साहू, निलकंठ साहू, संगठन सचिव मनोज साहू, चंद्रकांत साहू, राजेन्द्र साहू, ऋषि साहू, मंजीत आदि उपस्थित थे।

# गनियारी में 600 मवेशियों को लगा टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



ग्राम गनियारी के तहत पशु औषधालय तुलसी असौंदा में एक दिवसीय निःशुल्क पशु शिविर एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सालय खरोरा के डॉ. रश्मि गुप्ता, पशु चिकित्सा सहायक शल्य के निर्देशन में समस्त स्टाफ पीएआईडब्लू एवं मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा ग्राम गनियारी में 443 पशुओं को एचएफ, बीक्यु टीकाकरण, 54 वत्स हेतु कृमिनाशक दवापान एवं 101 पशुओं के लिए जूं नाशक दवा का वितरण किया गया। ग्राम के सरपंच महेश साहू एवं पशु सखी महेश्वरी द्वारा शिविर में सहयोग किया गया। ग्राम के 113 पशु पालकों ने शिविर का लाभ उठाया। सीएल देवांगन एवीएफओ द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी पशुपालकों को दी गई एवं पशुपालकों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के सुधि पाठको को सूचित किया जाता है कि भाटापारा के आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि अखबार में खबरों एवं विज्ञापन प्राप्त करने के लिये निम्न पते पर संपर्क करें

**हरिभूमि** अभिकर्ता - अभिषेक मिश्रा
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, शीतला मंदिर के पास भाटापारा
मो. 626446 3895, 90900 90107